
**भ्रष्टाचार** ▶ योजना प्रभारी ने शासन को लगाया लाखों का चूना, जांच में शिकायत सही पाने के बाद भी वरिष्ठ अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही

# पीएम आवास योजना बनी काली कमाई का जरिया

**पथरिया नवभारत 7 सितंबर।** गरीबों की कल्याणकारी व भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओ में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारियों के काली कमाई का जरिया बन गई है। स्वच्छता अभियान के बाद सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार और गबन पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में हुआ है।

इस योजना में योजना प्रभारी मृत्युंजय उपाध्याय द्वारा जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ज्यादातर ग्राम पंचायतों में षडयंत्रपूर्वक स्वयं के लाभ के लिए पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी जेब भरी है और सरकार की महत्वाकांक्षी आवास योजना को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कई ऐसे मामले सामने आए



है, जिसे देखकर ग्रामवासी हैरत में है।

### दो बार की गई जांच में शिकायत सही पायी गई

ग्राम लखरोनी में शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना में शिकायत की थी कि एक 98 वर्षीय आलोक को आवंटित आवास, योजना प्रभारी और ग्राम रोजगार सहायक की मिलीभगत से एक 8 साल के स्कूली बच्चे को दे दिया और सभी किस्तें उसकी मां ममता के खाते में डाली गई। जिस महिला ममता के खाते में राशि डाली गई वह रोजगार सहायक की चाची है। इस गंभीर मामले की दो बार जांच हुई और दोनों में शिकायत सही पायी गई।

### अपात्र को आवास स्वीकृत कर राशि हड़पी

इसी तरह शिकायतकर्ता हितग्राही मिट्ठू/जुगरा अहिरवार का नाम एसईसीसी डाटा सूची में दर्ज है। पीएम आईडी में दो सदस्य कुसु और मिट्ठू दर्ज है। इनकी पीएमएवाय आईडी एमपी 4872969 है। इन्हें 11 अगस्त 2019 को आवास स्वीकृत किया गया था और प्रथम किस्त रुपए 25000/ हजार का भुगतान 2 नवंबर 2019 को हितग्राही के खाता क्रमांक 3407278433 स्टेट बैंक की शाखा पथरिया में नहीं कर अन्य किसी खाते में किया गया। प्रथम किस्त की राशि हितग्राही के खाते में नहीं डालकर एसबीआई कियोस्क में खाता नंबर 35957533689 में डाली गई और कियोस्क संचालक तुलसीराम का फिंगर लगाकर राशि निकाल ली गई। इस मामले की जांच में भी शिकायतकर्ता की शिकायत सही पायी गई।

### हितग्राही गांव का निवासी नहीं होने बाद भी आवास किया आवंटित

सबसे बड़ी बात यह है कि जब हितग्राही गांव में निवासरत नहीं है तो उसके खाते में राशि नहीं डालनी चाहिए थी। जांच के उपरांत योजना प्रभारी को प्रथम किस्त की राशि 25000/ हजार रुपए की वसूली कर राज्य के नोडल खाते में जमा करनी थी, लेकिन निजस्वार्थ के चलते योजना प्रभारी द्वारा 20 मई 2024 को मिट्ठू/जुगरा के खाते में दूसरी किस्त की राशि 40000/रुपए डाली गई, तीसरी किस्त की राशि 40000/ रुपए 15 जुलाई 2024 को डाली गई एवं चौथी किस्त 28 अक्टूबर 2024 को 15000/ रुपए डाली गई, जबकि मिट्ठू/जुगरा पूर्व से ही पूर्णरूप से अपात्र था। शासन के नियमानुसार अपात्रों की राशि समयावधि में राज्य के नोडल खाते में जमा करनी थी, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी के कारण योजना प्रभारी मृत्युंजय उपाध्याय ने फर्जीवाडा कर प्रशासकीय राशि का दुरूपयोग कर काली कमाई की।



# जीवन में गुरु अवश्य होना चाहिए : सेन

▶ जयकारों के साथ की गई मासिक महाआरती

**नवभारत,दमोह 7 सितंबर।** शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में मासिक महाआरती रविवार को जबेरा की कृषि उपज मंडी में की गई। आरती का संचालन अनिल रैकवार ने किया। आरती के पहले दो-दो मिनट के मां एवं गुरुवर के जयकारे साधना लोधी व दुर्गा वंशवर्ती ने लगाएं। एक साथ मिलकर हजारों मां भक्तों ने बैठकर आरती संपन्न की।

समापन के पश्चात चिंतनों का संचालन संगठन के जिला सचिव सुरेश राय ने किया। चिंतनों की प्रथम कड़ी में प्रियंका अहिरवार ने कहा कि संगठन के साथ समाज सेवा में जो भी गुरु, भाई-बहन अपना एक कदम आगे की ओर बढ़ाता है उसकी सफलता के लिए श्री शक्तिपुत्र महाराज उसे सैकड़ों कदम आगे बढ़ा देते हैं। अगली कड़ी में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा के ब्लॉक सचिव वृंदावन सेन ने कहा कि हमारे जीवन में एक गुरु की बहुत आवश्यकता होती है जो हमारे अवगुणों के अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ा दें।

### संगठन की महत्ता पर डाला प्रकाश

अगली कड़ी में जबेरा जनपद उपाध्यक्ष रश्मि ठाकुर ने कहा कि यह यात्रा सामान्य यात्रा नहीं है। श्री शक्तिपुत्र महाराज ने पूर्व में कहा था कि 2025 के बाद एक ऐसा परिवर्तन समाज में देखने को मिलेगा, जो पहले संगठन को नजर अंदाज करते थे वह सभी लोग यह कहने के लिए बाध्य हो जाएंगे कि संगठन ही असली शक्ति होता है।

## एक नजर में



### पितृपक्ष में तर्पण करने से मिलती हैं सुख-शांति

**नवभारत,दमोह 7 सितंबर।** शहर के पुरैना तालाब पर जल तर्पण करने आए लोग जिसमें पं.राहुल शास्त्री ने बताया कि पितृपक्ष में पूर्वजों को तर्पण करने से पूर्वज देते हैं सुख, शांति व समृद्धि। उन्होंने कहा कि पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने व उनकी आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए मनाया जाता है. इसमें तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान जैसे अनुष्ठान किए जाते हैं. यह 16 दिन की एक धार्मिक अवधि है, जो 7 सितंबर से 21 सितंबर तक चलेगी. इसमें पितरों को जल, भोजन आदि अर्पित कर उनके आशीर्वाद की कामना की जाती है.



### स्टेशन पर शिक्षिका शीला पटेल का किया स्वागत

नवभारत,दमोह। राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार हासिल करने के बाद शिक्षिका शीला पटेल के सुबह दिल्ली से दमोह स्टेशन पहुंचने पर भारी संख्या में लोगों ने स्वागत और सम्मान किया गया.

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत,हटा/मडियादो 7 सितंबर.** राजपुरा थाना क्षेत्र के खुटयानी गांव में अज्ञात कारणों के चलते केसा पटेरिया उम्र 45 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्माहत्या कर ली, मौके पर थाना प्रभारी सरदार सिंह व प्र आ ब्रिजेंद्र मिश्रा ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्यवाही कर पुलिस जांच में जुटी हुई है.

# भगवान श्रीजी की निकाली गई शोभायात्रा



▶ पर्युषण पर्व के समापन पर नशिया मंदिर में अभिषेक व आरती की गई

**नवभारत,दमोह.** रविवार को पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर नगर में भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष और बच्चे सम्मिलित हुए.

शोभा यात्रा सिटीनल से प्रारंभ होकर पुराना थाना, टॉकीज तिराहा, बकौली, घंटाघर, राय चौराहा से होती हुई नशिया मंदिर पहुंची. यहां भगवान श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा और आरती संपन्न हुई। प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य अभय जैन बनगांव परिवार व द्वितीय कलश दीपचंद जैन शारदा सीमेंट परिवार को प्राप्त हुआ. फूलमाल का सौभाग्य पदमचंद हल्दी व ज्ञानमल महेश दिगंबर को तथा पालकी की आरती का सौभाग्य नशिया मंदिर महिला मंडल को मिला.

### शास्त्रों की आरती गाई गई

इस दौरान शास्त्रों की आरती गाई गई और अर्ग समर्पित किया गया. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय टंडन, पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, कुंडलपुर कमेटी अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. शोभायात्रा में सबसे आगे सजी-धजी बग्गियां, उनके पीछे श्वेत वस्त्रधारी समाज के लोग और डीजे की धुन पर नाचते-गाते युवा-युवतियां शामिल रहे.

### सिंग्रामपुर में निकली शोभायात्रा



सिंग्रामपुर में दशलक्षण महापर्व के समापन पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। सुबह मंदिर में अभिषेक शांतिधारा विधान किया गया। दोपहर को श्रीजी शोभायात्रा बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ की गई। डीजे की धुन्न पर श्रद्धालुओं ने डांस किया। जैन समुदाय के बच्चों द्वारा घर घर रंगोली सजाई गई। जूलूस मुख्य बाजार नया मंदिर होते हुए वापस बड़ा मंदिर पहुंचा, जहां समापन किया गया।



# सुनार नदी में डूबे 2 युवक, खोजबीन जारी

**नवभारत,दमोह 7 सितंबर।** जिले के नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में सुनार नदी दरगाह के पास एक दुखद घटना सामने आई है. जिले के दो युवक जो दरगाह आए थे, जहां दरगाह के पीछे नदी का दृश्य देखकर नहाने गए और नदी के तेज बहाव में बह गए.

सूचना मिलते ही एसडीएम पथरिया एमके चौरसिया, टीआई रचना मिश्रा, आरआई,पटवारी एसडीईआरएफ प्राची दुबे टीम के साथ और पुलिस चौकी प्रभारी नरसिंहगढ़ अभिषेक पटेल, एएसआई अकरम और उनकी टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई. चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि यह दो युवक मुस्लिम समाज के मंडी दमोह के रहने वाले हैं. सुनार नदी का यह क्षेत्र मिनी भेड़ाघाट जैसा दृश्य प्रस्तुत करता है, लेकिन यहां बड़ी-बड़ी चट्टानों के बीच भारी गैप होने के कारण खोजबीन में काफी कठिनाई आ रही है. फिलहाल दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं मिला है.

## सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र घायल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 7 सितंबर।** नगर के वार्ड नंबर बारह में रहने वाले अशोक विश्वकर्मा अपने बेटे अनिकेत के साथ अपने संबंधी की खारी विसर्जित करने राजमार्ग महाराज पुर देवरी मार्ग से नर्मदा नदी मोटर साइकिल से जा रहे थे. रस्ते में अचानक कोई वाहन टक्कर मारकर भाग गया. जब तक लोगों ने देखा तब तक घटना स्थल पर ही पिता की मौत हो गई. घायल अनिकेत को हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जबलपुर मेडिकल रेफर कर



दिया. अशोक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपर्द कर दिया.

### जटाशंकर मंदिर में आज से श्रीमद् भागवत कथा

**नवभारत,दमोह 7 सितंबर।** स्थानीय जटाशंकर मंदिर परिसर में आज 8 सितम्बर से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगी कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगे पितृ पक्ष में पितरों के निमित्त हो रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया गया है.

#### बकैनी में भी भागवत कथा का आयोजन

जिले के ग्राम बकैनी में वासुदेव खरे एवं समस्त परिवार के द्वारा पितृरो के निमित्त में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज 8 सितम्बर को कलश यात्रा से प्रारंभ किया जा रहा हैं।

## अज्ञानता के कारण करते हैं दुर्व्यवहार : निशा

**नवभारत,हटा 7 सितंबर।** मानव अहंकार व आज्ञानता के कारण दुसरों के प्रति दुर्व्यवहार करता है, एक अपराध पर अपराध करता है और उसे अपने अपराध का बोध नहीं होता है. जैन धर्म पर पर्वराज पर्यूषण पर्व क्षमा धर्म से प्रारंभ होता है और क्षमा वाणी से समाप्त होता है. क्षमा धर्म का पालन करने से सम्मान बढता है न कि घटता है.इसी क्षमा भाव के कारण जैन धर्म को आदर्श माना गया है.

यह बात बड़ा बाजार जैन बेदी पर ब्रम्हचारिणी निशा दीदी ने पर्व के समापन अवसर पर अपने मंगल प्रवचन में कही. समाज द्वारा दस दिन तक नगर में धर्म प्रभावना फैलाने वालों का सम्मान सकल समाज व मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया. कार्यक्रम उपरांत श्रीजी का विमान पुन: मंदिर में वापस पहुंचा. इस अवसर पर बडी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे.



**विसर्जन** ▶ फुटेरा तालाब पर की गई थी चाक चौबंद व्यवस्था, रैंप के जरिये आसानी से विसर्जित की गई प्रतिमाएं

# देर रात तक जारी रहा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम




**नवभारत,दमोह 7 सितंबर।** जिले में धूमधाम से गणेशोत्सव पर्व संपन्न हुआ. वहीं शहर के फुटेरा तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 3.25 बजे तक किया गया। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तालाब से उतरने सीधे रैंप बनाया गया था, जिससे वगैर किसी असुविधा के आसानी से प्रतिमाएं विसर्जित की गईं. कई प्रतिमाएं क्रेन व नाव के माध्यम से विसर्जित की गई.

इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एचआर पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, यातायात दलबीर सिंह मार्को, तहसीलदार रॉबिन जैन, नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, आशुतोष गुप्ता,स्वास्थ्य विभाग, एमपीवी, आपदा मित्र, गोताखोर, फायर ब्रिगेड सहित बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अमले की मौजूदगी रही.


### नोहटा में क्रेन से अंतिम मूर्ति विसर्जित

जिले के नोहटा की नदी व तालाब में गणेश प्रतिमाएं विसर्जित की गई. अंतिम मूर्ति क्रेन के माध्यम से विसर्जित की गई. इस दौरान थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, तहसीलदार राजेश साहू के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी, आपदा मित्र और तैराक मौजूद रहे.

#### हिंडोरिया में बेलाताल में हुआ विसर्जन

जिले के हिंडोरिया शहर के मुकेश कॉलोनी बेलाताल राज नगर और भी जगह की प्रतिमाएं शांतिपूर्ण तरीके सेविसर्जित हुई. इस दौरान तहसीलदार प्रीतम सिंह, थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर और पुलिस बल मौजूद रहा. शहर के मुकेश कॉलोनी और बेलाताल में एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, सब इंस्पेक्टर शुभांगी दांगी, पटवारी अभिनंदन, आरआई धनीराम, आपदा प्रबंधन, आपदा मित्र, राजस्व, नगर पालिका की टीम मौजूद रही.

### कलेक्टर देर रात तक लेते रहे जानकारी



जिले के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर देर रात तक प्रतिमाओं के विसर्जन की जानकारी लेते रहे। शहर सहित जिले के हटा, पथरिया और तेंदूखेड़ा क्षेत्र में श्री गणेश प्रतिमा विसर्जित हुई. पथरिया, हटा, तेंदूखेड़ा में शांतिपूर्ण तरीके से गणेश प्रतिमाएं विसर्जन रात 11 बजे हो गया था. कलेक्टर चारों एसडीएम, तहसीलदारों से लगातार संपर्क कर जानकारी लेते रहे।

### बांदकपुर में चल समारोह देर रात तक निकला



बांदकपुर सिद्ध क्षेत्र जागेश्वर नाथ धाम में श्री गणेश प्रतिमाओं चल समारोह बड़े धूमधाम से देर रात्रि तक मनाया गया. जहां बांदकपुर तालाब में अंतिम मूर्ति विसर्जित की गई। इस दौरान तरण चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

#### हटा में नावघाट तट में विसर्जन

हटा में गणेश प्रतिमा विसर्जन समारोह सम्पन्न हुआ। अंतिम गणेश प्रतिमा सुनार नदी के नावघाट तट पर विसर्जित हुई. एसडीएम राकेश मरकाम, एसडीओपी प्रशांत सुमन, टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय व पुलिस बल सहित राजस्व अमला मौजूद रहा.







